जिला स्तरीय प्रशिक्षण

11-12-17 से 13-12-17 तक

# शिविर में रेडक्रास के सेवकों ने सीखा आपदा प्रबंधन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सरायपाली. भारतीय यूथ रेडक्रास सोसाइटी जिला महासमुंद के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण तीन दिवसीय शिविर सोमवार 11 से बुधवार 13 दिसंबर तक मां चंडी मंदिर बिरकोनी में आयोजित किया गया।

शिविर में स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय से 17 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस शिविर में रेडक्रास के संकल्प सूत्र स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता के आधार पर छात्र-छात्राओं ने विविध गतिविधियों में भाग लिया। प्रशिक्षण के साथ प्रातःकालीन योग एवं स्वास्थ्य के प्रति हमारी जागरूकता व सेवा कार्य से संबंधित प्रेरणाप्रद व्याख्यान से प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुए। राज्यीय प्रशिक्षक डॉ. यशवंत चंद्राकर द्वारा दुर्घटना के वक्त रेडक्रास के सेवक द्वारा की जा सकने वाली प्राथमिक उपचार से संबंधित ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया गया। साथ ही साथ आपदा प्रबंधन के अंतर्गत बाढ़ के वक्त सावधानी और बचाव तथा यातायात नियमों की जानकारी भी संबंधित विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा दी गई। रात्रि में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस शिविर में महासमुंद विधायक विमल चोपड़ा का सानिध्य छात्र-छात्राओं को प्राप्त हुआ। समापन समारोह में केन्द्र अध्यक्ष पुरन्दर मिश्रा तथा पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने प्रशिक्षणार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी। जिला संगठक अशोक गिरी गोस्वामी तथा शिविर संचालक दिनेश साहू द्वारा कुशलतापूर्वक शिविर का संचालन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के 17 छात्र-छात्राओं के साथ रेडक्रास प्रभारी डॉ संध्या भोई तथा सहायक प्राध्यापक तारा पटेल ने भाग लिया। शिविर में छात्रा वर्ग का सुशीला बारिक तथा छात्र वर्ग का जयप्रकाश साहू के नेतृत्व किया।



प्रशिक्षण... जिला स्तरीय शिविर में शामिल रेडक्रास की टीम।

## वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

[illegible]

# रेडक्रास शिविर में महाविद्यालय के 15 छात्र-छात्राओं का चयन

■ संवाददाता। सरायपाली

स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में संचालित यूथ रेडक्रास सोसायटी के पन्द्रह छात्र-छात्राओं नीराधन उरांव, नीलेश साहू, सुल्तान गनी, भोजराज प्रधान, अरूण बाई राठिया, निशा बरिहा, सुशीला बारिक, बृजेश साहू, गणेश बारिक, राजू भोई, जोवर्धन साहू, धनेश कुमार साहू, जयप्रकाश साहू, कु. सावित्री बरिहा, आशीष भोई, प्रकाश सिदार तथा अश्विनी नेताम का चयन ग्राम बिरकोनी में आयोजित जिला स्तरीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर हेतु हुआ है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.एल. पटेल एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी के प्रभारी डॉ. श्रीमती संध्या भोई व श्रीमती तारा पटेल सहित महाविद्यालय परिवार के द्वारा उक्त छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं शिविर की सफलता हेतु शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ दी गई है.



यूथ रेडक्रास सोसायटी के द्वारा जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 15 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ।

# प्रशिक्षण शिविर के लिए 15 छात्र-छात्राओं का चयन



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**सरायपाली.** स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में संचालित यूथ रेडक्रास सोसाइटी के 15 छात्र-छात्राओं का चयन जिला स्तरीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। इसमें नीराधन उरांव, नीलेश साहू, सुल्तान गनी, भोजराज प्रधान, अरूण बाई राठिया, निशा बरिहा, सुशीला बारिक, बृजेश साहू, गणेश बारिक, राजू भोई, जीवर्धन साहू, धनेश कुमार साहू, जयप्रकाश साहू, सावित्री बरिहा, आशीष भोई, प्रकाश सिदार अश्विनी नेताम शामिल हैं। प्राचार्य डॉ. एएल पटेल एवं संध्या भोई ने हर्ष जताया है।

'स्वास्थ्य जागरूकता' 10-8-2017





सम्बोधित करते डॉ० संगम स्वाईं
साथ में
यूथ रेड क्रास प्रभारी एवं अतिथि श्री संकीर्तन बुड़ेक



भारतीय रेडक्रास प्रभारियों के साथ महाविद्यालय के प्रभारी द्वय एवं छात्र छात्राएं




समापन समारोह में प्रतिवेदन पठन करते
यूथ रेड क्रास प्रभारी डॅा० संध्या भोई



'पट्टी कैसे बाँधें' विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त करते छात्र - गीतवर्धन साहू




समापन समारोह में आमंत्रित अतिथि एवं छात्र छात्राएं




प्राचार्य डॉ० ए.एल. पटेल द्वारा स्वागत भाषण देते हुए
प्रथम यू. रे. प्रभारी डॉ० संध्या मोई तथा मुख्य वक्ता
डॉ० अलका बाघ




छात्राओं की समस्या से अवगत कराते हुए
यू० रे० प्रभारी



आमंत्रित अतिथि वक्ताओं का स्वागत करते हुए
1. यूथ रेडक्रासप्रभारी 2. डॉ० हर्षा रावत 3. श्री गुरुदत्ता 4. प्राचार्य महोदय



व्याख्यान एवं शिविर में उपस्थित छात्र छात्राएं



श्री गुरुदत्ता का स्वागत करते छात्रसंघ अध्यक्ष दिलीप नायक



स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य महोदय



नेत्र चिकित्सक डॉ० हर्षा रावत द्वारा छात्रा की आँखें जाँच करते हुए



आमंत्रित चिकित्सक के साथ छात्र-छात्राएँ

यूथ रेड क्रास सोसायटी
निशुल्क नेत्र जॉंच शिविर - सहयोग - भारती हॉस्पिटल सरायपाली
दिनांक - 08.02.17

# कॉलेज में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



सराईपाली। स्थानीय स्व राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय कॉलेज में संचालित यूथ रेडक्रास सोसायटी के द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारती हॉस्पीटल के नेत्र रोग विषेशज्ञ डॉ. हर्षा रावत द्वारा नेत्र रोगों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

उन्होंने नेत्र से संबंधित विभिन्न रोगों और रोगों से बचाव पर सुझाव दिए। धूल और कीड़े आदि से होने वाली परेशानियों के लिए चश्मे तथा हेलमेट लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर पर काम करने वालों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए साथ ही सामान्य रूप से 7-8 घंटे की नींद पूरी करनी चाहिए। प्राचार्य डॉएएल पटेल ने कहा कि लाभानां श्रेष्ठं आरोग्यं जीवन में सर्वोत्तम सम्पदा आरोग्य है और यही मानव जीवन का लक्ष्य है। इस अवसर पर मनीष गुरूदत्ता भी उपस्थित थे। 86 विद्यार्थियों की जॉच की गई तथा आवश्यक सुझाव दिए गए। कॉलेज परिवार ने हास्पीटल के संचालक विश्वजीत गुप्ता तथा उनके टीम के लिए आभार व्यक्त किया।

त्रिका
atrika.com

# आंखों की जांच कर दिए गए कई जरूरी सुझाव

## 86 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सरायपाली. स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में संचालित यूथ रेडक्रास सोसायटी द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों का स्वागत डॉ. संध्या भोई प्रभारी रेडक्रास सोसायटी, छात्रसंघ अध्यक्ष दिलीप नायक, उपाध्यक्ष विकास कुंजाम एवं सचिव भुवनेश्वरी सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ से किया गया। इस अवसर पर भारती अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षा रावत द्वारा नेत्र रोगों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। इसमें उन्होंने नेत्र से संबंधित विभिन्न रोगों और रोगों से बचाव पर सुझाव दिए। नेत्र से होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए नेत्र रोगियों को धूल और कीट-पतंगों आदि से सुरक्षा के लिए चश्मे तथा हेलमेट लगाने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर पर काम करने वालों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। साथ ही सामान्य रूप से 7-8 घंटे की नींद पूरी करनी चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएल पटेल ने कहा कि श्रेष्ठ आरोग्य जीवन में सर्वोत्तम सम्पदा आरोग्य है और यही मानव जीवन का लक्ष्य है। इस अवसर पर मनीष गुरुदत्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर में 86 छात्र-छात्राओं की जांच की गई और आवश्यक सुझाव दिए गए। महाविद्यालय परिवार ने विश्वजीत गुप्ता तथा उनके टीम के प्रति आभार ज्ञापित किया है।